घर से महज 50 कदम पहले पिकअप ने मासूम को रौंदा

महराजगंज आज। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के गौहरपुर ग्रामसभा के अमहवा चौराहे पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम अनमोल अग्रहरि की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहा था। घर से महज 50 कदम पहले हुए इस हादसे से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। गौहरपुर निवासी कन्हैया अग्रहरि का पुत्र अनमोल सुबह करीब 10 बजे घर से 200 मीटर दूर कोचिंग गया था। लौटते समय समरधीरा की तरफ से आ रही पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अनमोल को परिजन गोरखपुर के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुरंदरपुर पुलिस ने पिकअप संख्या यूपी 56 एटी 3486 और चालक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए महराजगंज भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पिकअप



❖ पांच वर्षीय अनमोल की मौत से परिवार में मचा कोहराम

में मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रही महिलाएं सवार थीं। दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा अनमोल की मौत से गांव में शोक व्याप्त है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

आनन्दनगर (आज) ? गोरखपुर-नौतनवा रेलखंड पर बुधवार को दिन में करीब 12 बजे एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना मोहनापुर ओवरब्रिज के दक्षिण दिशा में हुई।मृतक की पहचान अंकित चौरसिया (22) पुत्र कमलेश चौरसिया, निवासी सिसवनिया विशुनपुर, थाना पुरन्दरपुर, के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक गोरखपुर से नौतनवा की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुरन्दरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी।इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं पुरन्दरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव कन्नौजिया ने बताया कि मोहनापुर रेल ट्रैक पर युवक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

पिकअप और बाइक की टक्कर में एक की मृत्यु,दो घायल

सिसवा बाजार। स्थानीय नगर के सीएचसी मोड़ के पास एक पिकअप व मोटरसाइकिल में टक्कर हो जाने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो घायलों को पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया।बुधवार को दोपहर उक्त सूचना पर थाना स्थानीय सीएचसी के सामने मोड़ पर एक बाइक और पिकअप के बीच हुई टक्कर में हिमान्शु सिंह(20) पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी सेखुई थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि प्रदीप पुत्र राजेश(20) चौहान एवं सागर(20) पुत्र रमेश निवासी सबया उत्तर टोला थाना कोठीभार गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सिसवा पहुंचाया। उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा /पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पिकअप चालक मौके से फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।



चित्रगुप्त मंदिर में विधि-विधान से हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा

महराजगंज आज। बिस्मिल नगर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में बुधवार को भगवान श्री चित्रगुप्त जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर चित्रांश समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान चित्रगुप्त से सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।

पूजा-अर्चना मंदिर के अध्यक्ष आरसी लाल श्रीवास्तव, महामंत्री राकेश बिहारी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव तथा मंत्री आकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुई। मंदिर के संरक्षक राज नारायण लाल श्रीवास्तव और कांजी लाल श्रीवास्तव सहित समाज के लोगों ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में दीपचंद श्रीवास्तव, डॉ. ओमप्रकाश श्रीवास्तव, हरिगोपाल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, डॉ. अविनाश श्रीवास्तव, सत्यानंद श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, प्रभात आनंद सक्सेना, प्रमोद श्रीवास्तव, धर्मेंद्र त्रिपाठी, अतुल प्रताप श्रीवास्तव, घनश्याम मिश्रा, मनोज कुमार श्रीवास्तव और आयुष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु मौजूद रहे।



किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने मे वांछित गिरफ्तार

मिठौरा आज। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा परिजनों को धमकी देने के मामले में



किशोरी के पिता के तहरीर पर बीते दस नवम्बर को जयकुमार सोनी उर्फ प्रिन्स वर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर खोजबीन शुरु कर दी।मुखबिर की सूचना के आधार पर व0उ0नि0 योगेन्द्र कुमार मय हमराह पुलिसकर्मियों द्वारा मुकदमे में नामजद वांछित अभियुक्त जयकुमार सोनी उर्फ प्रिन्स वर्मा पुत्र दिलीप कुमार वर्मा निवासी वार्ड नं0 8, मोहल्ला राजीव नगर, थाना कोतवाली, जनपद महराजगंज (उम्र करीब 21 वर्ष) को ग्राम परसामीर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दी गई तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेज दिया गया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष अनुप तिवारी ने दी।

रामपुर उत्सव में चिकित्सा शिविर का आयोजन

महराजगंज आज। दो दिवसीय रामपुर उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 182 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। वहीं, 140 मरीजों की आंखों की जांच के बाद पुणे की शची मिश्रा की ओर से चश्मे प्रदान किए गए।

शिविर में रामपुर बुजुर्ग, रेहाव, लक्ष्मण थरुवा और नदवा बाजार सहित आसपास के गांवों के लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने शुगर, ब्लड प्रेशर समेत अन्य जांच कर कमर दर्द, पेट दर्द, सिरदर्द और बुखार से पीड़ित मरीजों को परामर्श एवं दवाएं दीं।



❖ 182 मरीजों का हुआ नि:शुल्क उपचार, 140 को मिले चश्मे

महिलाओं में कमर दर्द की शिकायत अधिक देखने को मिली।जिला चिकित्सालय की टीम में डॉ. पीएन सागर, डॉ. अहमद और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसके वर्मा शामिल रहे। नेत्र परीक्षण में समीना, अमन, हरिकेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सहयोग किया।डॉ. एसके वर्मा ने कहा कि लगातार कमर दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और उचित दिनचर्या अपनाना जरूरी है। शिविर में उत्सव संयोजक डॉ. अमरनाथ, डॉ. विश्वंभर नाथ शर्मा, डॉ. शीतांशु कुमार, डॉ. हिमांशु कुमार, डॉ. शिप्रा शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में युवक की मौत,पसरा मातम

आनन्दनगर (आज)।गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि फरेंदा थाना क्षेत्र के फरेंदा बुजुर्ग टोला महुअवां निवासी शशिकांत पांडेय उर्फ बमभोले 30 वर्ष किसी कार्य से विधायक चौराहे पर गये थे,इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे परिजन ने इलाज के लिए सीएचसी, बनकटी में भर्ती कराया। वहां हालत गंभीर देख परिजन जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान सोमवार की शाम शशिकांत पाण्डेय उर्फ बमभोले की मौत हो गई। फरेंदा प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि मामला शव का पीएम कराया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।



समाजवादी पार्टी के चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ

निचलौल महराजगंज। 317 सिसवा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की चुनावी गतिविधियां लगातार जोर पकड़ रही हैं। बुधवार को सपा प्रत्याशी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल के निचलौल स्थित आवास (दामोदरी पोखरा के सामने) पर विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी अवसर पर बस स्टैंड के बगल में स्थित उनके भव्य केंद्रीय चुनाव कार्यालय का भी पूजा-अर्चना के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया।गौरतलब है कि इससे पहले 20 अक्टूबर को लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय से स्वयं सुशील टिबड़ेवाल के हाईटेक प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रचार रथ को रवाना किए जाने के बाद से ही सिसवा विधानसभा क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच जबरदस्त उत्साह एवं जोश देखने को मिल रहा है।निचलौल में



केंद्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ इसी चुनावी अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। आकर्षक साज-सज्जा और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह कार्यालय जनसंपर्क, कार्यकर्ता समन्वय, चुनावी रणनीति एवं संगठनात्मक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के चुनावी अभियान को और गति मिलने की उम्मीद है।इस अवसर पर सपा के जिला उपाध्यक्ष महातम यादव, जिला उपाध्यक्ष तैयब अंसारी, जिला महासचिव शमसुद्दीन अली, विजय तिवारी, गुड्डू पांडेय, जिला पंचायत सदस्य राम आशीष यादव, अभिनन्दन पांडेय, घनश्याम मौर्य, शैलेश अग्रवाल, सुरेंद्र भारती, हीरालाल जूखूमी, अभिषेक रौनियार, प्रवीण सिंह, राकेश सिंह रिंकू, शैलेश सुलतानिया, गोपाल अग्रवाल, भोला यादव, नौशाद आलम, विक्रम यादव, बैजू यादव, राधेश्याम मौर्य, सुग्रीव चौहान, विमलेश पटेल, राकेश पासवान, कुंदन सिंह, रमेश सैनी, निखिल यादव, अमित यादव, रामकरन यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा पंजीकृत

मिठौरा आज।स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बंसतपुर खुर्द मे बीते छह नवम्बर को हुई चोरी मे सिंदुरिया पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाई शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार जयराम पुत्र स्व0 चुल्हाई ग्राम बसन्तपुरखुर्द ने बताया कि बीते छह नम्बर को मै अपने घर पर सोया था कि सुबह 3 बजे हमारे भतीजे आकाश अपनी मोटरसाईकल लेने हमारे घर, आया जो हमारे हमारे बरामदे में खड़ी थी, तो उसने देखा कि हमारे दोनो लडके प्रमोद एवं नगेन्द्र का दरवाजा खुला हुआ है। जो हमे एवं हमारे लडके शैलेन्द्र जगाया तो देखा कि हमारे दोनो लडके की दरवाजा खुला हुआ है। जबकी उक्त दोनो में पहले से ताला लगा थी। जिसकी सूचना बगल के लोगो द्वारा 112 पर दी गयी पुलिस पहुंच गयी। संयुक्त रुप से मिल कर खोज बीन की जाने लगा जिसमें घर के बगल खेत में 4 बाक्स वहाँ से 500 मी0 आगे. 01 बाक्स तोडकर सामान विखरा मिला। छोटे लडके प्रमोद की पत्नी का 1 अदद सोने कि अगूठी 1 अदद मंगलसूत्र बिछीया एवं नगद 15000, पन्द्रह हजार गायब मिले। लडके नगेन्द्र के पत्नी का 1 अदद मंगलसूत्र 1 जोडी झुमका 1 अदद टीका गायब मिली उपरोक्त सभी सामानो कि किमत लगभग 3,50,000 तीन लाख पच्चास हजार से उपर है। थानाध्यक्ष अनुप तिवारी के अनुसार पीडित के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

विवेचनाओं में लापरवाही पर पनियरा थानेदार लाइन हाजिर

महराजगंज आज। पुलिस विभाग में कार्यप्रणाली और विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने सख्त रुख अपनाया है। पनियरा थाने में तैनात थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह को विवेचनाओं में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हलचल मच गई है।

जानकारी के अनुसार, कुंवर गौरव सिंह को सितंबर माह में पनियरा थाने की कमान सौंपी गई थी। इससे पहले वह घुघली थाने में थानाध्यक्ष के पद पर तैनात थे। घुघली में तैनाती के दौरान एक ऑडियो वायरल होने के बाद भी वह चर्चा में आए थे। अब पनियरा में विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही सामने आने पर एसपी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

लाइन हाजिर किए जाने के बाद फिलहाल पनियरा थाने पर नए थानाध्यक्ष की तैनाती नहीं हुई है। नए प्रभारी की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हैं। एसपी की इस कार्रवाई को पुलिसकर्मियों में जवाबदेही तय करने और लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए गए कदम के रूप में देखा जा रहा है।

❖ विवेचनाओं में लापरवाही पर पनियरा थानेदार लाइन हाजिर, एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हलचल

वनकर्मियों पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

आनन्दनगर। सरकारी कार्य में बाधा डालने और वनकर्मियों पर हमले के मामले में फरेंदा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। फरेंदा प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले महीने में वन कर्मियों पर हमला करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं। अभियुक्त की पहचान रोहित उर्फ काशी (19) पुत्र अशोक निवासी मथुरानगर टोला भारी वैसी, थाना फरेंदा, के रूप में हुई है।यह कार्रवाई फरेंदा क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा के नेतृत्व में किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 223/2026 की तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132, 221, 121(1) और 121(2) में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई।गिरफ्तारी करने वाली टीम उपनिरीक्षक मनीष कुमार, महिला कांस्टेबल पूजा तिवारी और कांस्टेबल अरविन्द यादव शामिल रहें।

मारपीट मामले में दो डीजे संचालकों और डोल आयोजको के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

निचलौल आजसोमवार की देर रात लक्ष्मी जी का डोल नगर में भर्मण कराया जा रहा था,निचलौल मेन तिराहे पर दो डोल आयोजको में कौन तेज आवाज में डीजे बजाएगा इस बात को लेकर होड़ लग गई।डीजे की आवाज़ से गर्भवती महिलाओं बच्चो और बुजुर्गों में को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा, जिसकी शिकायत ड्यूटी पर मौजूद उप निरीक्षक अमित विश्वकर्मा से स्थानीय लोगो के द्वारा की गई।उन्होंने मौजूद लोगों से कांस्टेबल नरसिंह सिंह,कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार,कांस्टेबल अलीशाह,कांस्टेबल अनुपम सिंह को लेकिर शान्ति ब्यास्था बनाने की अपील करने लगे,लेकिन जिगिनहवा डोल समिति के आयोजक बंटी कसौधन पुत्र दिनेश कुमार कसौधन निवासी वार्ड नम्बर एक जिगिनहवाऔर किंग डीजे संचालक प्रेम नाथ निवासी सुकरौली कुशीनगर और घोड़हवा डोल समिति के आयोजक प्रियांशु श्रीवास्तव पुत्र अमरलाल निवासी घोड़हवा वार्ड नम्बर 6 और ओम डीजे के संचालक विजय निवासी गोरखपुर कुछ अन्य लोगो के साथ आपस मे मारपीट करने लगे। मामले में बीच बचाव करने गए थानाध्यक्ष योगेंद्र राय सहित कई पुलिस वाले भी घायल हो गये।पुलिस ने दोनो पक्ष के दर्जनों लोगों को पकड़कर थाने ले आयी।

मटकोपा में विधि-विधान से हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना

पुरैना, महराजगंज, आज। घुघली क्षेत्र के ग्राम मटकोपा में कायस्थ परिवार की ओर से भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव से की गई। इस दौरान विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर परिवार के सदस्यों ने सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त के समक्ष कलम और दवात का विशेष पूजन किया गया। कायस्थ समाज में कलम-दवात की पूजा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। मान्यता है कि भगवान चित्रगुप्त मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। उन्हें लेखनी, ज्ञान और बुद्धि का अधिष्ठाता देवता भी माना जाता है। इसी आस्था के साथ परिवार के सदस्यों ने कलम-दवात की पूजा कर ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि का आशीर्वाद मांगा।पूजन कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक विनोद कुमार श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश, भानू प्रकाश, सुनील कुमार, संजीव कुमार, मनीष, शिवरतन, राजीव, कुणाल, नील, अमित, पुनीत,



❖ कायस्थ परिवार ने किया कलम-दवात का पूजन, सुख-समृद्धि की कामना

हिमांशु, सुधांशु, अनुज, आयुष, शुभम, मानवीर और सोहम सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन के माध्यम से परिवार के सदस्यों ने अपनी धार्मिक आस्था और पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

मांगें मनवाने के लिए मोबाइल टावरों पर चढ़ना पड़ेगा भारी, पुलिस ने दी मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी

रतनपुर आज। नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के गांवों और चौराहों पर अपनी मांगों को लेकर मोबाइल टावरों पर चढ़कर प्रदर्शन करने की घटनाएं प्रशासन के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। ऐसे प्रदर्शन से न केवल लोगों की जान खतरे में पड़ती है, बल्कि पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। क्षेत्र में लगे कई मोबाइल टावरों के चारों तरफ सुरक्षा घेरा नहीं होने से कोई भी व्यक्ति आसानी से उन पर चढ़ जाता है। टावर पर किसी व्यक्ति के पहुंचने के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। इससे अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित होते हैं।लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। पुलिस के अनुसार, टावरों पर चढ़कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके अपनाएं। जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन करने वालों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, मोबाइल टावरों के आसपास सुरक्षा घेरे और अन्य आवश्यक इंतजाम करने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों की भी है।

विसर्जन जुलूस में जमकर चले ईंट-पत्थर,थानाध्यक्ष समेत कई घायल

निचलौल आज। सोमवार देर रात लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर डांस करने की बात को लेकर दो गुटों के युवक आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों तरफ से लाठी-डंडे तथा ईंट-पत्थर चलने लगे। मारपीट में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय समेत दर्जनों लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी हमले की बात सामने आई है।घटना के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घायलों में पुलिसकर्मियों के अलावा प्रीत कुमार, श्रीकांत, रोशन, अर्जुन, सदानंद यादव, दयानंद, अमित, नीतीश कुमार और डीजे संचालक आदित्य सहित अन्य लोग शामिल हैं।पुलिस ने मामले में सात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है, जबकि चार नाबालिगों को नोटिस जारी किया गया है। नीरज यादव, कमलेश कुमार, दिवाकर भारती और ऋषिकेश के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा डीजे संचालकों को तलब कर उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नौ मृतक किसानों के परिजनों को मिले 45 लाख रुपये के चेक, सदर विधायक ने वितरित की आर्थिक सहायता

महराजगंज आज। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) में बुधवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने जनपद के नौ मृतक किसानों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इस प्रकार कुल 45 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव संबोधन भी सुना गया।इस अवसर पर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि किसान देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित होता है। दुर्घटना में किसान की मृत्यु अथवा दिव्यांगता होने पर परिवार को आर्थिक संकट से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार यह योजना संचालित कर रही है।उन्होंने कहा कि सरकार किसानों और उनके परिवारों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से सहायता राशि का सदुपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, तहसीलदार सदर पंकज शाही सहित संबंधित अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

10.12 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

आनन्दनगर (आज)। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत फरेंदा पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को बुधवार को पकड़ लीं। एसपी शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक अवधेश सिंह (चौकी प्रभारी) अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने विरेन्द्र कुमार (41) पुत्र रामवृक्ष निवासी ग्राम गौराबाजार, पोस्ट अलिदापुर, थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर को 10.12 ग्राम अवैध स्मैक (कागज की पुड़िया सहित) के साथ पकड़ लिया। बरहाल पुलिस ने जांच में स्मैक पकड़ने का दावा किया।इस मामले में फरेंदा प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 314/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में चोरी, चोरी का माल बरामद होने तथा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक सौरभ पटेल, कांस्टेबल आज़ाराम यादव और कांस्टेबल विनय मौर्य शामिल रहें।

देव चित्रगुप्त का कायस्थों ने धूमधाम से किया पूजा-अर्चना

आनन्दनगर (आज)।फरेंदा क्षेत्र में भैयादूज एवं यमद्वितीया के दिन कायस्थ परिवारों द्वारा अपने इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त का पूजा अर्चना कर विश्व शान्ति एवं सुख समृद्धि के लिए कलम दवात का पूजन-अर्चन कर भगवान चित्रगुप्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया अपना लेखा-जोखा तथा एक दूसरे को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।नगर पंचायत आनन्दनगर में बड़े धूमधाम के साथ भैयादूज एवं यमद्वितीया के दिन अपने इष्ट देव चित्रगुप्त भगवान का पूजा अर्चना कर अपने कलम दवात की पूजा कर भगवान चित्रगुप्त से अपने जीवन को सुखमय बनाने हेतु प्रार्थना किया। बताते चलें कि कायस्थ लोगों द्वारा दीपावली के दूसरे दिन यमद्वितीया के पर्व को सबसे बड़ा पर्व मानते हुए इसे धूमधाम से मनाते हैं। कहते हैं कि दीपावली के अगले दिन किसी भी तरह का हिसाब लिखना कायस्थ परिवार द्वारा कलम चलाकर नहीं किया जाता है। 24 घंटे बाद दूसरे दिन यमद्वितीया के दिन अपने इष्टदेव का पूजन करने के साथ-साथ कलम दवात का भी पूजा करने के पश्चात ही लिखने का कार्य किया जाता हैं। इस दौरान पूजन में एडवोकेट, सुधेश मोहन श्रीवास्तव रविन्द्र श्रीवास्तव संजय कुमार श्रीवास्तव, ओमप्रकाश रंजन, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, ऋषिमुनि श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव ,नीरज श्रीवास्तव, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव , सुभाष श्रीवास्तव युवराज श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, सरवन श्रीवास्तव, अजय किशोर श्रीवास्तव सहित तमाम कायस्थ परिवार के लोग शामिल रहें।